बिना प्रभार हस्तांतरण के लाखों का भुगतान

सांगाखेड़ा ग्राम पंचायत में फर्जी बिलों के ज़रिए वित्तीय अनियमितता का आरोप, अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव, संजय जैन

जनपद पंचायत जुन्नारदेव अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सांगाखेड़ा में वित्तीय अनियमितता और प्रशासनिक लापरवाही का एक बड़ा मामला सामने आया है। तात्कालीन सचिव स्वरूपलाल मालवीय द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों के अनुसार, बिना विधिवत प्रभार सौंपे और पूर्व में कराए गए निर्माण कार्यों की आड़ में फर्जी बिल लगाकर लाखों रुपये की राशि का अवैध आहरण कर लिया गया है। उन्होंने इस संबंध में जनपद पंचायत सीईओ एवं जिला पंचायती सीईओ को भी पत्र सौंपकर कार्यवाही की मांग की है।

क्या है पूरा मामला?

सांगाखेड़ा ग्राम पंचायत के तत्कालीन सचिव स्वरूपलाल मालवीय का स्थानांतरण ग्राम पंचायत चिखलार किया गया था। उनका कहना है कि उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा स्थगन दिए जाने और प्रभार हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी न होने के बावजूद वर्तमान में पदस्थ सचिव संजीव कुमार सूर्यवंशी द्वारा पंचायत खातों से लाखों रुपये का भुगतान कर दिया गया। पूर्व सचिव का आरोप है कि जिन निर्माण कार्यों के लिए उन्होंने खुद सामग्री क्रय की थी और जिनका कार्य पूर्णता प्रमाण-पत्र या मूल्यांकन अभी लंबित था, उनके एवज में फर्जी बिल लगाकर वर्तमान सचिव द्वारा अवैध रूप से राशि आहरित कर ली गई।

लाखों रुपये के फर्जी आहरण का आरोप

शिकायती आवेदन और वरिष्ठ अधिकारियों को भेजे गए ज्ञापनों के अनुसार रपटा सह पुलिया निर्माण 15वां वित्त आयोग स्वीकृत राशि 6.00 लाख के इस कार्य में पूर्व सचिव के कार्यकाल के दौरान द्वितीय किश्त की राशि 3.60 लाख प्राप्त हुई थी। आरोप है कि सचिव संजीव कुमार सूर्यवंशी ने फर्जी बिल लगाकर 3,59,525/- का अवैध आहरण कर लिया, जबकि सामग्री पूर्व सचिव द्वारा क्रय की गई थी। सी.सी. रोड निर्माण हरिसिंग भोपा से जोगीलाल के घर तक, ग्राम बिजौरी - 12.00 लाख की स्वीकृत राशि वाले इस कार्य में लगभग 9,53,900/- तथा अन्य दस्तावेजों के अनुसार 7,72,450/- का फर्जी बिलों के माध्यम से आहरण किया गया। चौपाल व चबूतरा निर्माण मुठुआ बाबा के पास 60,000/- की स्वीकृति वाले इस कार्य में कार्य पूर्ण होने के बावजूद 59,600/- का फर्जी बिल लगाकर भुगतान निकाला गया। अन्य निर्माण कार्य - निस्तारी तालाब निर्माण कार्य कालीमाई नाला, मुण्डी बिजौरी, गेंडीघाट नाला, बाद नाला एवं कपिलधारा कूप निर्माण में भी सामग्री क्रय किए जाने के बावजूद फर्जी भुगतान की आशंका व्यक्त की गई है।



अधिकारियों की चुप्पी और दोहरे मापदंड पर सवाल

पूर्व सचिव स्वरूपलाल मालवीय ने जिला पंचायत सीईओ एवं जनपद सीईओ को सौंपे पत्र में प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। फर्जी बिलों एवं अवैधानिक आहरण की शिकायत 08 अप्रैल 2026, 21 अप्रैल 2026 एवं 28 सितम्बर 2026 को लिखित में देने के बावजूद जनपद प्रशासन द्वारा इस पर कोई ठोस निष्पक्ष जांच नहीं कराई गई। भ्रष्टाचार उजागर करने वाले शिकायतकर्ता की शिकायत का निराकरण किये बिना ही प्रभार सौंपने हेतु दबाव बनाया जा रहा है, जबकि नियमतः जब तक पूर्व के वित्तीय लेन-देन की जांच पूरी नहीं होती, प्रभार हस्तांतरण से साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ या दस्तावेजों में हेरफेर की प्रबल आशंका बनी हुई है।

दोहरे मापदंड का आरोप

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि जनपद पंचायत जुन्नारदेव में अन्य पंचायतों के मामलों जैसे ग्राम पंचायत खमराकला के सचिव पुष्प कुमार विश्वकर्मा एवं अन्य में अलग नियम अपनाए गए, जबकि इस मामले में शिकायतकर्ता को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। की गई शिकायत का निराकरण न करते हुए, प्रभार दिए जाने का दबाव बनाया जा रहा है। पूर्व सचिव ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद एवं जिला पंचायत छिंदवाड़ा तथा कलेक्टर छिंदवाड़ा से मांग की है कि सांगाखेड़ा ग्राम पंचायत में हुए इस वित्तीय भ्रष्टाचार की सूक्ष्म व निष्पक्ष विभागीय जांच कराई जाए और फर्जी बिलों के माध्यम से शासकीय धन का गबन करने वाले दोषियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जाए।

मोही घाटी में अनियंत्रित ट्रक ने तीन वाहनों को मारी टक्कर

दो किसान गंभीर रूप से घायल, हालत नाजुक होने के कारण नागपुर रेफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

नागपुर-भोपाल राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ग्राम मोही के पास बुधवार सुबह लगभग 8:30 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। भोपाल से नागपुर की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने पांढुर्णा मंडी अनाज बेचने जा रहे दो ट्रैक्टर-ट्रालियों और आगे चल रहे एक आयशर वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि चारों वाहन सड़क पर ही पलट गए। इस दुर्घटना में वाहनों में सवार कुल पांच लोग घायल हो गए।

स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तुरंत नगर के शासकीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दो किसानों भोजराज पिता विलास साहू (36) और विनोद पिता रामदीन (33), निवासी इटावा मासौद की नाजुक स्थिति को देखते हुए उन्हें नागपुर रेफर कर दिया गया है। वहीं अन्य तीन घायलों ईश्वर सरेयाम (19, बैतूल), गणेश पिता सरजू उइके (36, बैतूल) और एक अन्य का स्थानीय अस्पताल में इलाज जारी है।



ब्लैक स्पॉट पर नहीं हो रहे स्थायी उपाय

स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि मोही घाटी में आए दिन जानलेवा हादसे हो रहे हैं। प्रशासन ने इस क्षेत्र को केवल ब्लैक स्पॉट की घोषणा और कुछ बोर्ड लगाकर छोड़ दिया है। दुर्घटनाएं रोकने के लिए कोई स्थायी ठोस कदम नहीं उठाए जाने के कारण अब तक कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं और कई स्थायी रूप से दिव्यांग हो चुके हैं।

छिंदवाड़ा सांसद एवं भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया डॉ. कृष्ण हरजानी का स्वागत

छिंदवाड़ा। वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. कृष्ण हरजानी को भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ, मध्य प्रदेश का प्रदेश सह-संयोजक नियुक्त किए जाने पर लोकसभा सांसद श्री विवेक बंटी साहू ने सांसद कार्यालय में तथा भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. शेष राव यादव ने भाजपा कार्यालय में उनका स्वागत किया। दोनों नेताओं ने आशा व्यक्त की कि डॉ. हरजानी अपने नए दायित्व के माध्यम से चिकित्सा प्रकोष्ठ को मजबूती प्रदान करेंगे और छिंदवाड़ा सहित प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के प्रयासों में सक्रिय योगदान देंगे। इस अवसर पर डॉ. हरजानी ने कहा, "भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व और प्रदेश संगठन ने मुझ पर विश्वास जताते हुए मुझे यह दायित्व सौंपा है। इसके लिए मैं संगठन का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ।"उन्होंने कहा, "आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की स्वस्थ भारत की परिकल्पना और मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में समाज के अंतिम व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाने तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए मैं पूरी निष्ठा से कार्य करने हेतु संकल्पित हूँ। संगठन के सभी वरिष्ठ नेताओं, मार्गदर्शकों और देवतुल्य कार्यकर्ताओं का सहयोग एवं स्नेह सदैव मेरी ऊर्जा का स्रोत रहेगा

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने दिया जनजागरूकता एवं सामाजिक सेवा का संदेश

दमुआ। शासकीय महाविद्यालय दमुआ में सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास के मार्गदर्शन में नमो सेवा अंतर्गत नुक्कड़ नाटक का भव्य आयोजन किया गया। स्वयं सेवकों ने नाटक के माध्यम से जनसेवा, स्वच्छता, नशामुक्ति, सामाजिक जागरूकता एवं राष्ट्र निर्माण का संदेश दिया।कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, सेवा भावना एवं जनकल्याण के प्रति जागरूकता विकसित करना था। नाटक के माध्यम से आमजन को सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने तथा समाजहित में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया।प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास ने कहा कि नुक्कड़ नाटक जनजागरूकता का प्रभावी माध्यम है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में रचनात्मकता, सामाजिक संवेदनशीलता और सेवा भाव विकसित करने के साथ समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक होते हैं।सेवा संकल्प अभियान 2026 के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर सेवा, सहयोग और सामाजिक चेतना का संदेश दिया।

चोरों का आतंकः 5 किसानों के खेतों से केबल, मोटर व कीटनाशक चोरी, लाखों का नुकसान

अज्ञात चोरों का तुरंत सुराग लगाकर सख्त कार्रवाई कर चोरी गया सामान वापस दिलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

पांढुर्णा तहसील के ग्राम मौजा सावरगांव एवं बोरखेड़ी क्षेत्र में बीती रात अज्ञात चोरों ने भारी उत्पात मचाते हुए 5 किसानों के खेतों को अपना निशाना बनाया। चोरों ने खेतों में लगे कुओं और बोरवेल से सैकड़ों फीट तांबे का केबल, सर्विस लाइन का तार तथा संतरा फसल की कीटनाशक दवाइयां पार कर दीं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित किसानों में विष्णु भांगे, आनंदराव खुरसंगे, रूपेश बेलखड़े, दिगांबर खोडे (सभी निवासी पांढुर्णा) और नामदेव कलममधाड़ निवासी बंसोड कॉलोनी शामिल हैं। जब किसान सुबह अपने खेतों में पहुंचे, तब उन्हें चोरी की इस घटना का पता चला। चोरों ने आवेदक रूपेश के खेत के पास केबल जलाकर उसमें से तांबे के तार निकाल लिए।

विष्णु भांगे के कोठे से संतरा की कीटनाशक दवा, कुएं का 125 फीट केबल और 50 फीट सर्विस लाइन केबल चोरी लगभग 10,000 का नुकसान, आनंदराव खुरसंगे के खेत में कुएं का 80 फीट केबल चोरी लगभग 5,000 का नुकसान, रूपेश बेलखड़े के यहां कुएं व सर्विस लाइन का 70 फीट केबल गायब लगभग 4,000 का नुकसान, दिगांबर खोडे के खेत में बोरवेल का पाइप काटकर 200 फीट केबल चुराया गया, जिससे मोटर बोर में गिरकर क्षतिग्रस्त हो गई लगभग 32,000 का कुल नुकसान तथा नामदेव कलममधाड के खेत में मीटर पेटी से बोर तक का 30 फीट केबल चोरी लगभग 3,000 का नुकसान हुआ है।



पुलिस अधीक्षक से की शिकायत, आर्थिक मदद की गुहार

इस घटना के बाद से क्षेत्र के कृषकों में भारी दहशत और आक्रोश व्याप्त है। किसानों ने बताया कि इस वर्ष कम बारिश के कारण पहले ही सूखे जैसे हालात हैं, ऐसे में इस तरह की चोरी ने किसानों की कमर तोड़ दी है। पीड़ित किसानों ने पुलिस अधीक्षक, जिला पांढुर्णा तथा थाना प्रभारी को आवेदन सौंपकर मांग की है कि अज्ञात चोरों का तुरंत सुराग लगाकर सख्त कार्रवाई कर चोरी गया सामान वापस दिलाया जाए।

चौरई में 18 अक्टूबर को सजेगी देवी गीतों की भव्य संध्या

जस सम्राट रुद्रकांत ठाकुर देंगे प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ चौरई

नगर में शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर मां भवानी की भक्ति और आस्था का भव्य आयोजन किया जा रहा है। प्रेस क्लब चौरई एवं मां भवानी दुर्गा पूजा समिति के संयुक्त तत्वावधान में सिविल कोर्ट रोड, वार्ड क्रमांक 01 में मां के भव्य स्वरूप की स्थापना के साथ देवी जागरण एवं देवी गीत संध्या का आयोजन किया जा रहा है । स्थान सिविल कोर्ट रोड, वार्ड क्रमांक 01, चौरईआयोजक प्रेस क्लब चौरई एवं मां भवानी दुर्गा पूजा समिति आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है।आयोजन के अंतर्गत कार्यक्रम 11 अक्टूबर 2026, रविवार को प्रातः 7:30 बजे मां के शुभ आरम्भ किया गया भव्य स्वरूप के प्रथम दिव्य दर्शन का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है वहीं,18 अक्टूबर 2026, रविवार को शाम 7:30 बजे से प्रसिद्ध देवी गीत गायक जस सम्राट रुद्रकांत ठाकुर जी की भव्य प्रस्तुति होगी। सुप्रसिद्ध गीत खोल के नाचो मेरी माँ,मैया के भवन पाला, कोई अरज करें,कहा लगा दाई देर मोरी मैया इस दौरान देवी गीतों के माध्यम से मां भगवती की महिमा का गुणगान किया जाएगा और श्रद्धालु भक्तिमय वातावरण में माता रानी की आराधना करेंगे।इसके साथ ही 20 अक्टूबर 2026, मंगलवार से नगर मेले का आयोजन भी प्रारंभ होगा। मेले में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की उम्मीद है।



श्री छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर हो रही दुर्घटनाएं

स्पीड ब्रेकर की मांग को नजरअंदाज कर रहा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

नगर के व्यस्ततम नागपुर मार्ग स्थित श्री छत्रपति शिवाजी महाराज चौक सड़क इन दिनों हादसों का अड्डा बनता जा रहा है। यहां लगातार हो रही दुर्घटनाओं के बावजूद जिम्मेदार प्रशासन और नगरपालिका कुंभकर्णी नींद सो रहे हैं।

स्थानीय रहवासियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा लंबे समय से इस चौक पर स्पीड ब्रेकर या यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की जा रही है, लेकिन हर बार इस मांग को अनसुना कर दिया जाता है। इस चौक के आसपास स्कूल, बैंक, मुख्य बाजार, बस स्टैंड, कोचिंग संस्थान, मंदिर और कंप्यूटर इंस्टीट्यूट स्थित होने के कारण दिनभर हजारों छात्र-छात्राओं और आम नागरिकों का भारी आवागमन रहता है। विशेषकर शाम के समय इस चौक से गुजरना दुर्घटनाओं को खुला निमंत्रण देने जैसा है।



क्रेन की टक्कर से बाल-बाल बचे एक्टिवा चालक

इसका ताजा उदाहरण बुधवार शाम को देखने को मिला, जब छिंदवाड़ा की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार क्रेन ने उफाट कॉलोनी निवासी कैलाश पवार की एक्टिवा गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण टक्कर में एक्टिवा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, हालांकि गनीमत यह रही कि चालक को गंभीर चोटें नहीं आईं। घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई, जिससे कुछ देर के लिए यातायात भी बाधित रहा। हादसे के बाद चर्चा में पीड़ित चालक कैलाश पवार ने बताया कि यह चौराहा बेहद खतरनाक हो चुका है, जहां चारों दिशाओं से वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। प्रशासन ने ध्यान देकर यहां यातायात की सुचारू व्यवस्था करनी चाहिए। वहीं, कांग्रेस नेता अनमोल आकोटकर ने प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि इस चौक पर स्पीड ब्रेकर, ट्रैफिक सिग्नल या ट्रैफिक पुलिस तैनात करने के लिए पूर्व में कई बार प्रशासन और नपा को ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं, पर नतीजा सिफर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि शायद प्रशासनिक अधिकारियों को यहां किसी बड़ी जानलेवा दुर्घटना का इंतजार है।

परिवार ने बेर समझकर खाए जहरीले बीज

रामपेट के एक ही परिवार के तीन लोग गंभीर, परिवार में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

रामाकोना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रामपेट इलाके में एक हादसा सामने आया है। खेत से लाए गए जहरीले 'चंद्रजोत' के बीजों को बेर समझकर खाने से एक ही परिवार के तीन लोग गंभीर रूप से बीमार हो गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पालक राहुल कड़साईत के 13 वर्षीय बेटे शैलेश ने खेत से चंद्रजोत के बीजों को बेर जैसा फल समझकर तोड़ लिया था और घर लाकर थैली में रख दिया था। बुधवार को शैलेश के साथ-साथ उसकी बहन देवांशी और माता अर्चना ने इन बीजों को स्वादिष्ट फल समझकर खा लिया। बीज खाने के कुछ ही देर बाद तीनों की तबीयत अचानक तेजी से बिगड़ने लगी। घर में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में ग्रामीणों की मदद से सभी को सौसर के शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद भी जब उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ और स्थिति लगातार गंभीर बनी रही, तो डॉक्टरों ने तीनों को बेहतर इलाज के लिए छिंदवाड़ा जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है और परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।



साधु वेश बनाकर रावण ने किया जानकी का हरण, श्री राम ने किया स्वर्ग मृग बने मारीच का अंत

छिंदवाड़ा। स्थानीय श्रीरामलीला मंच छोटी बाजार में चल रही श्रीरामलीला का मंचन देखने के लिए दिन प्रतिदिन लोगो की संख्या में वृद्धि हो रही है। इस वर्ष आकर्षक साज सज्जा एवं आधुनिक संसाधनों के साथ किये जा रहे मंचन से नगर में श्री रामलीला को लेकर नया उत्साह दिखाई पड़ रहा है। वरिष्ठ कलाकार एवं संरक्षक विजय आनंद दुबे ने बताया कि खर दूषण की मृत्यु का समाचार लेकर शूर्पणखा रावण के पास पहुँचती है एवं सम्पूर्ण वृत्तांत बताती है। यह सूचना रावण को मिलते ही रावण तिलमिला जाता है, युक्ति की खोज में रावण मारीच के पास पहुंचता है और उस पर दबाव बनाता है कि अगर वह श्री राम के पास स्वर्ण मृग बनकर नहीं जाएगा तो रावण उसका वध कर देगा। धर्म संकट में पड़े मारीच को श्रीराम के हाथों मोक्ष प्राप्त करना ही उचित लगता है और वह रावण की बात मानकर पंचवटी की ओर स्वर्णमृग बनकर निकल जाता है। मारीच के स्वर्ण मृग बनकर आते ही सीता मां उल्लासित हो जाती हैं और श्री राम को उसे पकड़ लाने के लिए कहती हैं श्री राम हिरण के पीछे पीछे जाने से पहले लक्ष्मण को कुटिया के पास ही ठहरने की आज्ञा देते हैं। जिस वक्त श्रीराम हिरण को पकड़कर लाने का प्रयास करते हैं मारीच श्री राम की आवाज में लक्ष्मण को सहायता के लिए पुकारता है। माता सीता की आज्ञा से लक्ष्मण एक रेखा खींचकर श्री राम की सहायता को ढूंढने निकल पड़ते हैं, कुटिया में सीता माता को अकेला पाकर रावण साधु का छद्म रूप धरकर कुटिया में भिक्षा मांगने आ जाता है, जब सीता माता भिक्षा के लिए भोजन एकत्रित करने कुटिया के अंदर जाती हैं तब रावण रेखा को पार करने की नाकाम कोशिश करता है और अग्नि से झुलसते हुए बचता है उसे समझ आ जाता है कि यहां जरूर कोई माया रची गई है वो सीता माता को कुटिया के परिक्षेत्र से बाहर आकर भिक्षा देने की बात पर उन्हें मना लेता है, सीता माता जैसे ही बार आती है रावण अपना असली रूप धरकर सीता माता को हरण करके लंका की ओर ले जाता है रास्ते में जटायु से युद्ध होने पर जटायु के दोनों पर काट देता है, श्री राम लौटकर सीता के वियोग में तड़पते हैं।



एसडीएम के निर्देश पर शीलादेही में कार्रवाई, बड़े रेत कारोबारियों पर कार्रवाई का इंतजार

खबर के बाद प्रशासन की कार्रवाई, रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरेठ

क्षेत्र में रेत परिवहन को लेकर हरिभूमि में प्रकाशित खबर का असर दिखाई देने लगा है। खबर के बाद एसडीएम के निर्देश पर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए ग्राम शीलादेही में रेत से भरी बिना नंबर की ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह करीब 10 बजे नायब तहसीलदार रविशंकर दुबे ने कार्रवाई करते हुए चालक रामभरोस यादव को पकड़ा। ट्रैक्टर का मालिक सुभाष यादव बताया गया है। आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर उमरेठ पुलिस की अभिरक्षा में खड़ी कराई गई। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई के बाद कोयलांचल क्षेत्र में रेतमाफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। हरिभूमि में खबर प्रकाशन के बाद खनिज अमला सजग नजर आया।




हरिभूमि
उमरेठ में सक्रिय हैं अवैध रेत माफिया, तहसील मुख्यालय व आसपास की विभिन्न पंचायतों में पहुंच रही अवैध रेत
सुबह 4 से 9 बजे तक चलता है रेत का अवैध खेल!

बड़े रेत कारोबारियों पर कार्रवाई कब?

हरिभूमि द्वारा रेत परिवहन का मुद्दा उठाए जाने के बाद हुई इस कार्रवाई से प्रशासन की सक्रियता सामने आई है। हालांकि, क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रेत परिवहन करने वाले अन्य कारोबारियों पर कार्रवाई को लेकर सवाल बने हुए हैं। अब देखना होगा कि प्रशासन रेत के स्रोत और परिवहन से जुड़े पूरे मामले की जांच कर अन्य जिम्मेदार लोगों पर भी कार्रवाई करता है या नहीं।

धम्म चक्र प्रवर्तन दिन पर बौद्ध समाज ने निकाली रैली



सौंसर। बुधवार को सौसर नगर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी धम्मचक्र अनुवर्तन पर्व दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर तथागत बुद्ध एवं डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जी को नमन किया गया।अंबेडकरी अनुयाईयो के द्वारा मोहगाव हवर्ली बोरगांव पारड़सिंगा,लोधिखेड़ा,रामाकोना पिपला ना वार, बानाबाकोडा,बेरडी के बुद्ध विहारों एवं अंबेडकर प्रतिमाओं के सम्मुख सामूहिक बुद्ध वंदना माल्यार्पण आदि कार्यक्रम किए गए,मुख्य आयोजन सौसर नगर में डॉ बाबा साहब अंबेडकर नवयुवक मंडल सौसर की ओर से कियाबुद्ध विहार में बहुजन नायकों के प्रतिमा पर माल्यार्पण पूजन एवं सामूहिक बुद्ध वंदना ली गई। बुद्ध विहार से रैली निकालकर डॉ बाबासाहेब आंबेडकर चौक, पटागण एवं भारतीय संविधान चौक पर धम्मा चक्र अनुप्रवर्तन दिवस मनाया गया,इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि आज ही के दिन14 अक्टूबर 1956 को नागपुर की पावन दीक्षा भूमि पर 5 लाख से अधिक समाज बंधुओ की प्रमुख उपस्थिति में संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकरजी ने बौद्ध धर्म की दीक्षा ली थी, साथ ही समाज के सर्वांगीण विकास और कल्याण के लिए 22 प्रतिज्ञाएं दी गई थी, वर्तमान में बौद्ध धर्म ही एक ऐसा धर्म है जिसकी करुणा मैत्री प्रेम प्रज्ञा से संपूर्ण विश्व एवं देश का कल्याण हो सकता है। बुद्ध विहार में चल रहे हो वर्षावास महोत्सव के दौरान धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस के अवसर पर पूज्य भंते मिलिंद के द्वारा धम्मदेशना दी जा रही है। इस दौरान नवयुवक मंडल अध्यक्ष पंकज शेंडे, मुरलीधर कामले,धम्मपाल बसोड़, दामोदर सहारे, मुकेश बागड़े,मिलिंद बंसोड़, प्रमोद नगरारे,डॉ चंद्रशेखर गजभिए, डॉ दीपक शेंडे,शशांक पाटिल,कैलास गजभिये, जी.एम. दुफारे,शुभम सोमकुँवर,सागर वाहने,सतीश बंसोड़,अल्केश गजभिए,डॉ श्वेता गजभिए,श्रीमती रजनी गोडबोले,के अलावा बड़ी संख्या में बौद्ध उपासक उपाशिकाएं उपस्थित थे,

अल्प वर्षा से सिंचाई संकट: किसानों ने 75 के बजाय 90 दिन पानी देने की उठाई मांग

चरणबद्ध जल वितरण कार्ययोजना बनाने का सुझाव,गन्ना उत्पादक किसानों को भी प्राथमिकता देने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ चौरई



क्षेत्र में अल्प वर्षा और जलाशयों में कम जलभराव के चलते रबी फसलों की सिंचाई को लेकर किसानों की चिंता बढ़ गई है। इस स्थिति को देखते हुए किसानों ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चौरई को आवेदन सौंपकर सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने की अवधि 75 दिवस से बढ़ाकर 90 दिवस करने की मांग की है। किसानों ने उपलब्ध जल का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने के लिए माहवार चरणबद्ध जल वितरण कार्ययोजना तैयार करने का सुझाव भी दिया है।

किसानों के अनुसार, वर्ष 2026-27 में कम बारिश के कारण जलाशयों में अपेक्षित जलभराव नहीं हो पाया है। पेंच व्यपवर्तन बांध, जल संसाधन संभाग क्रमांक-1 चौरई द्वारा किसानों को लगभग 75 दिवस तक पानी उपलब्ध कराने की जानकारी दी गई है। ऐसे में किसानों को आशंका है कि सीमित अवधि में फसलों की आवश्यकता के अनुसार सिंचाई करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

किसानों ने स्पष्ट किया कि वे पानी की बर्बादी नहीं चाहते, बल्कि उपलब्ध जल का समान, संतुलित और वैज्ञानिक तरीके से उपयोग करने के पक्षधर हैं। उनका कहना है कि यदि पानी को एक साथ अधिक मात्रा में छोड़ने के बजाय निर्धारित समय-सारणी के अनुसार चरणबद्ध तरीके से उपलब्ध कराया जाए, तो जल संरक्षण के साथ फसलों की

छह माह में जल वितरण का प्रस्ताव

किसानों ने नवंबर से अप्रैल तक कुल 90 दिवस की प्रस्तावित जल वितरण योजना सामने रखी है। इसके तहत नवंबर में 20 दिन, दिसंबर में 15 दिन, जनवरी में 15 दिन, फरवरी में 15 दिन, मार्च में 15 दिन और अप्रैल में 10 दिन पानी उपलब्ध कराने का सुझाव दिया गया है। किसानों का मानना है कि इस व्यवस्था से फसलों की जरूरत के अनुसार सिंचाई की योजना बनाने में सुविधा होगी। आवेदन में गन्ने की फसल की सिंचाई आवश्यकताओं को भी ध्यान में रखने की मांग की गई है। किसानों ने विशेष रूप से मार्च और अप्रैल के गर्म महीनों में उपलब्ध जल के अनुसार गन्ना उत्पादकों को सिंचाई का अवसर देने की अपील की है। साथ ही फसलवार और क्षेत्रवार संतुलित जल वितरण, नहरों में पानी छोड़ने की तारीखों की पूर्व सूचना तथा जल रिसाव और अनावश्यक बहाव रोकने के लिए तकनीकी उपाय करने पर जोर दिया है।

किसान प्रतिनिधियों के साथ बैठक कराने की मांग

किसानों ने प्रशासन और जल संसाधन विभाग से उपलब्ध जल की वास्तविक मात्रा का माहवार आकलन करने, कम पानी में होने वाली फसलों एवं आधुनिक सिंचाई पद्धतियों के लिए कृषि विभाग से मार्गदर्शन दिलाने और किसान प्रतिनिधियों के साथ संयुक्त बैठक आयोजित करने की मांग की है। उनका कहना है कि बैठक में सभी पक्षों से चर्चा के बाद अंतिम जल वितरण योजना तैयार की जानी चाहिए।किसानों ने प्रशासन से अल्प वर्षा और जल संकट की गंभीरता को देखते हुए 75 दिवस के स्थान पर 90 दिवस की चरणबद्ध सिंचाई कार्ययोजना पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर आवश्यक निर्देश जारी करने का आग्रह किया है।

हजारों किसानों ने घेरा कलेक्टर कार्यालय, बिना सर्वे पांढुर्णा को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग

15 दिन में उग्र आंदोलन की चेतावनी, कलेक्टर ने 3 घंटे में गठित किया ''सूखा निगरानी केंद्र''



पांढुर्णा। जिले में ''सूखे'' के मुहाने पर खड़े और प्रशासनिक अनदेखी से नाराज हजारों किसानों ने आज सड़कों पर उतरकर व्यवस्था के खिलाफ हुंकार भरी। स्थानीय एमपीएल मैदान से विशाल रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान तहसील के विभिन्न गांवों से आए सूखा प्रभावित किसानों ने अपनी सूखी फसलें हवा में लहराते हुए व्यवस्था के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। किसानों ने दो-टूक लहजे में मांग की कि बिना किसी सर्वे के पांढुर्णा जिले को तत्काल प्रभाव से सूखाग्रस्त घोषित किया जाए। प्रदर्शनकारियों ने ध्यान दिलाया कि पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के सीमावर्ती जिलों में अकाल घोषित हो चुका है, जबकि यहां भी हालात उतने ही भयावह हैं। प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी देते हुए ग्राम पारडी के किसान महेंद्र कोरडे ने कहा कि यदि अगले 15 दिनों के भीतर किसानों की मांगों पर कोई ठोस और सकारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो जिले भर का किसान वर्ग न्याय पाने के लिए सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन करने को विवश होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

गोंड समाज महासभा ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



उमरेठ / परासिया :- भोपाल में एक शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान गोंडवाना स्टूडेंट यूनियन के छात्रों के साथ पुलिस द्वारा किए गए दुर्व्यवहार से नाराज गोंड समाज महासभा के लोगों ने राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है । यह ज्ञापन उमरेठ तहसील में दिया गया और सम्बंधित पुलिस अधिकारियों और कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग रखी है ।गोंड समाज महासभा ब्लाक उमरेठ के नगर संरक्षक लखन लाल उईके , कार्यवाहक अध्यक्ष पवन मसराम , कानूनी सलाहकार अनिल उईके , प्रवक्ता सुरेंद्र उईके , युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष अरविंद उईके नगर अध्यक्ष मंतोष धुर्वे , प्रकाश बट्टी , बड़ा देव सेवादार शिवा बट्टी के द्वारा दिए गए इस ज्ञापन में बताया गया है , कि 13 अक्टूबर को राजधानी भोपाल में गोंडवाना स्टूडेंट यूनियन से जुड़े युवा अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे । इस दौरान पुलिस अधिकारियों और कर्मियों ने प्रदर्शनकारियों के साथ गाली - गलौच की , जाति सूचक शब्द कहे । सेवा जोहार के प्रति अपमाजनक बातें कही गई । संगठन जिसकी घोर निंदा करने के साथ - साथ सम्बंधित पुलिस कर्मियों के खिलाफ कड़ी - कड़ी कार्रवाई करने की मांग करता है ।

पॉलीटेक्निक महाविद्यालय खिरसाडोह में तनाव प्रबंधन कार्यशाला आयोजित

परासिया :- सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय खिरसाडोह में तनाव प्रबंधन विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई । छिंदवाड़ा से आईं मुख्य अतिथि श्वेता दीदी एवं परासिया के नवीन अग्रवाल ने विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों को भागदौड़ भरी जिंदगी में तनावमुक्त रहने , मानसिक शांति बनाए रखने तथा रिलैक्सेशन के प्रभावी उपायों की जानकारी दी ।संस्था के प्राचार्य एच.डी. पाटिल के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच एवं तनाव प्रबंधन की समझ विकसित करना था । कार्यक्रम में संस्था के कुंदन सर आई के सिंह , श्री नाग एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहा कार्यक्रम के सफल आयोजन में आदित्य दुबे , जयप्रकाश मठिया , श्रीधर शर्मा , उमेश डेहरिया एवं गिरीश रैकवार का विशेष सहयोग रहा। मंच संचालन कार्यक्रम की कोऑर्डिनेटर मैकेनिकल विभाग की विभागाध्यक्ष आशा ढोक ने किया ।कार्यशाला को विद्यार्थियों ने उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया तथा आयोजन के लिए प्राचार्य एवं अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

नवीन ईवीएम स्ट्रांग रूम निर्माण पर चर्चा

ईवीएम स्ट्रांग रूम पहुंचे कलेक्टर और एसपी, सुरक्षा प्रबंधों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया



जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार वशिष्ठ तथा पुलिस अधीक्षक विदिता डागर ने बुधवार को मंडी परिसर पांढुर्णा स्थित ईवीएम स्ट्रांग रूम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी प्रबंधों और परिसर में की गई समस्त तैयारियों का गहनता से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने तथा निर्धारित प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही परिसर में नवीन ईवीएम स्ट्रांग रूम के निर्माण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए और तकनीकी जानकारियां साझा की गईं। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर मेघा शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पांढुर्णा अलका एक्का, तहसीलदार पांढुर्णा प्रेक्षा पाठक सहित अन्य संबंधित प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि विशेष रूप से

दाने-दाने को तरस रहा किसान, फसलें तबाह

जिले में नाममात्र की बारिश से सिंचाई के सभी प्राकृतिक और कृत्रिम स्रोत सूखने की कगार पर है। खेतों में खड़ी फसलें मृतप्राय दशा में है। मक्के के भुट्टों में दाने नहीं पड़े हैं, कपास की फसल में बोंड नहीं बने हैं, मूंगफली का ठीक से विकास नहीं हुआ है और अन्य फसलें भी दम तोड़ रही हैं। इन हालात में किसानों के सामने अब दो वक्त की रोटी और अस्तित्व बचाने का संकट खड़ा हो गया है। मुख्यमंत्री के नाम दिए ज्ञापन में पूरे जिले को बिना किसी देरी के सूखाग्रस्त घोषित करने, प्रभावित किसानों को प्रति एकड़ 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाने, सभी कृषि ऋण पूर्णतः माफ करने, फसल बीमा की राशि का बिना अड़चन तुरंत भुगतान करने, ई-टोकन की जटिल व्यवस्था को स्थायी रूप से बंद करने, संकटग्रस्त किसानों के बच्चों की पूरी शैक्षणिक फीस माफ करने, भूली जलाशय से प्रभावित लोगों को समान न्याय दिए जाने तथा आगामी भीषण पेयजल संकट से निपटने के लिए अभी से पुख्ता और त्वरित इंतजाम किए जाने की मांग की है।

3 घंटे में गठित हुआ ''सूखा निगरानी केंद्र''

किसान आंदोलन के सिर्फ 3 घंटे के भीतर कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने सूखा निगरानी केंद्र (डिस्ट्रिक्ट ड्रॉट मॉनिटरिंग सेंटर) के गठन का आदेश जारी किया। गठित समिति में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी, पांढुर्णा अध्यक्ष रहेंगे। वहीं, पांढुर्णा एवं सौंसर के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री, किसान कल्याण एवं कृषि विभाग के उप संचालक, पशु चिकित्सा एवं डेयरी विभाग के उप संचालक, पांढुर्णा एवं सौंसर के तहसीलदार तथा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित के महाप्रबंधक को सदस्य बनाया गया है। जिला स्तर पर गठित यह केंद्र सूखे की स्थिति की निगरानी से संबंधित आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कार्य करेगा।

नवरात्रि के आयोजनों में ग्रामीणों के बीच पहुंचे विधायक गौरव सिंह पारधी



हरिभूमि न्यूज बालाघाट। नवरात्रि के पावन पर्व पर कटंगी विधानसभा क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल है। गांव-गांव में माँ दुर्गा की आराधना के साथ विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में विधायक गौरव सिंह पारधी ग्राम पौनिया, महकेपार और रानीमोहगांव घाट पहुंचे, जहां उन्होंने माँ जगदंबा के दर्शन कर देवी जागरण कार्यक्रमों में सहभागिता की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों और श्रद्धालुओं से मुलाकात की तथा माता रानी से क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली और विकास की गति निरंतर आगे बढ़ते रहने की कामना की।ग्राम रानीमोहगांव घाट में दुर्गा उत्सव समिति द्वारा आयोजित देवी जागरण में प्रसिद्ध भक्ति गायक रुद्रकांत ठाकुर की भक्तिमय प्रस्तुतियों ने माहौल को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में विधायक गौरव सिंह पारधी भी शामिल हुए। उन्होंने माँ जगदंबा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और श्रद्धालुओं के साथ देवी जागरण में सहभागिता की। भक्ति गीतों से गूंजते वातावरण में ग्रामीणों का उत्साह देखते ही बना। इस अवसर पर विधायक ने नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं देते हुए माता रानी से कटंगी विधानसभा क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली और विकास की निरंतरता की कामना की।

पौनिया में देवी जागरण में हुए शामिल: ग्राम पौनिया के राजा भोज मैदान में दुर्गा उत्सव समिति द्वारा देवी जागरण का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक गौरव सिंह पारधी ने कार्यक्रम में पहुंचकर माँ जगदंबा के दर्शन किए और श्रद्धालुओं को नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान ग्रामीणों के बीच धार्मिक उत्साह देखने को मिला। नवरात्रि के इन आयोजनों में विधायक की सहभागिता क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं से उनके जुड़ाव को दर्शाती है। गांवों में आयोजित ऐसे कार्यक्रम आपसी मेल-मिलाप, सामाजिक सद्भाव और सामूहिक सहभागिता को बढ़ावा देते हैं।

कटंगी-सिवनी मार्ग पर लोहमारा, वनोपज नाके में मंडी कर्मियों की 'प्राइवेट वसूली' का खेल

बिना वर्दी-बिना सरकारी गाड़ी के चल रहा था चेकिंग का धंधा



हरिभूमि न्यूज कटंगी। शासन ने किसानों को बिचौलियों और अवैध वसूली से बचाने के लिए प्रदेश भर की मंडी जांच चौकियां बंद कर दीं, फिजिकल नाकों को खत्म कर ई-अनुज्ञा और ऑनलाइन गेट पास की व्यवस्था लागू की, लेकिन कटंगी में इसका उल्टा ही हो रहा है। कटंगी-सिवनी मुख्य सड़क मार्ग पर स्थित वनोपज जांच नाका लोहमारा में मंडी के ही दो कर्मचारियों द्वारा सरकारी आदेश को ठेंगा दिखाकर कथित अवैध वसूली का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप कृषि उपज मंडी कटंगी में पदस्थ मंडी उप निरीक्षक बृजेश नामदेव और कंप्यूटर ऑपरेटर मुकेश बरले पर है। बताया जा रहा है कि दोनों पिछले करीब दो माह से लोहमारा बैरियर पर बैठकर मालवाहक वाहनों को रोककर जांच के नाम पर वसूली कर रहे थे, जबकि सरकार ने ऐसे सभी नाके बंद कर दिए हैं और मंडी फीस तक हटा दी है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह पूरी कार्रवाई मंडी सचिव राजकुमार पंचेश्वर की जानकारी के बिना चल रही थी। लोहमारा वनोपज नाके पर मंडी उप निरीक्षक की ड्यूटी ही नहीं लगाई गई थी। यह बात हमें दिए मंडी सचिव के बयान से साबित होती है। यह पूरा खेल तब सामने आया जब कटंगी के प्रतिष्ठित व्यापारी जितेंद्र अग्रवाल की माल वाहक गाड़ी को मंगलवार की देर शाम करीब साढ़े 08 बजे लोहमारा में जांच के नाम पर रोका गया। चालक ने इसकी सूचना व्यापारी को दी। खबर लगते ही व्यापारी तत्काल लोहमारा के लिए रवाना हुए। लेकिन उनके पहुंचने से पहले ही वाहन को छोड़ दिया गया। इधर जैसे ही व्यापारियों में इस वसूली की खबर फैली, माहौल गर्म हो गया। स्थिति बिगड़ती देख दोनों मंडी कर्मचारी अपना चार पहिया निजी वाहन मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए। इसके बाद व्यापारी ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस के मौके पर पहुंचने के बाद मंडी उप निरीक्षक बृजेश नामदेव वापस लौटे और कहा कि वह भोजन करने के लिए चले गए थे। वहीं वह खुद को सही ठहराने के लिए मंडी अधिनियम 1972 के तहत मिले अधिकारों का हवाला देने लगे। लेकिन वह यह भूल गए कि अधिकार के साथ कर्तव्य और प्रक्रिया भी जुड़ी है। मौके पर न तो उन्होंने वर्दी पहन रखी थी, न ही उनके पास सरकारी वाहन था। वह एक प्राइवेट चार पहिया वाहन से वहां पहुंचे थे और सादे कपड़ों में वाहनों को रोक रहे थे। जब व्यापारी ने उनसे सीधा सवाल किया कि क्या इस कार्रवाई की जानकारी मंडी सचिव को है, तो उप निरीक्षक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। व्यापारी जितेन्द्र अग्रवाल ने बुधवार को उपवन मंडल अधिकारी और वन परिक्षेत्र अधिकारी कार्यालय में शिकायत की है कि उनके जांच नाके पर अवैध तरीके से बैठकर वसूली की जा रही है।

दरअसल मध्य प्रदेश सरकार ने किसानों के हित में एक बड़ा फैसला लेते हुए मंडी बोर्ड द्वारा संचालित सभी अंतर्राज्यीय जांच चौकियां बंद करने का आदेश दिया था। सरकार का तर्क था कि ई-व्यापार को बढ़ावा देना है, अब मंडी शुल्क का भुगतान और गेट पास ऑनलाइन हो गया है, इसलिए फिजिकल नाके की जरूरत नहीं है। व्यापारी और किसान सीधे अपनी अनुज्ञा से मंडी में माल ला सकते हैं। मध्य प्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 के तहत भी मंडी निरीक्षक को अधिकार तो हैं, लेकिन उसकी भी सीमा है। नियम के अनुसार निरीक्षक सड़क पर कहीं भी, निजी वाहन से खड़े होकर जांच नहीं कर सकता। जांच केवल अधिसूचित मंडी प्रांगण या कलेक्टर द्वारा अधिकृत मोबाइल यूनिट / उड़नदस्ता द्वारा ही की जा सकती है, वह भी शासकीय वाहन, वर्दी और परिचय पत्र के साथ। लोहमारा में इन सभी नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही थीं। मंडी उपनिरीक्षक लगातार झूठ बोल रहे थे। उनके वसूली और जांच ड्यूटी की सच्चाई जानने के लिए हमने दूरभाष पर मंडी सचिव राजकुमार पंचेश्वर से संपर्क किया। उन्होंने स्पष्ट बताया कि वह उस समय लालबर्रा में हैं। जब उनसे कहा गया कि एक वाहन बिना मंडी शुल्क अदा किए जा रहा है, कार्रवाई करनी है, आपके निरीक्षक कहां मिलेंगे, तो उन्होंने कहा-इतनी रात में मंडी निरीक्षक कहां मिलेंगे, शायद ही मंडी में कोई कर्मचारी भी हो। सचिव ने यह भी साफ किया कि वर्तमान में कहीं भी किसी कर्मचारी की ड्यूटी नहीं लगाई गई है। केवल समर्थन मूल्य पर खरीदी के दौरान कलेक्टर के आदेश से लोहमारा में चेक पॉइंट बनाया जाता है।

भानेगांव में दिव्यांश पॉलीक्लिनिक की जांच की मांग, नियमों को लेकर उठे सवाल

क्लीनिक में मरीजों की जांच, ग्लूकोज चढ़ाने और इंजेक्शन लगाने की प्रक्रिया पर सवाल; आवश्यक शैक्षणिक योग्यता एवं पंजीयन की जांच की मांग, स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर भी उठीं उंगलियां



हरिभूमि न्यूज लांजी। लांजी मुख्यालय के अंतर्गत आने वाले ग्राम भानेगांव में संचालित दिव्यांश पॉलीक्लिनिक को लेकर स्थानीय स्तर पर सवाल उठाए जा रहे हैं। क्लीनिक में मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करने, उन्हें ग्लूकोज चढ़ाने तथा इंजेक्शन लगाने जैसी गतिविधियों को लेकर जांच की मांग की गई है। स्थानीय स्तर पर लगाए जा रहे आरोपों के अनुसार, क्लीनिक में स्वास्थ्य सेवाएं देने वाले व्यक्तियों की शैक्षणिक योग्यता, आवश्यक पंजीयन और निर्धारित नियमों के पालन की जांच किया जाना जरूरी है। मामले में स्वास्थ्य विभाग से निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग उठ रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, भानेगांव में खेमेन्द्र रंगडाले द्वारा क्लीनिक संचालित किए जाने की बात सामने आई है। आरोप है कि यहां मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ उन्हें ग्लूकोज चढ़ाने और इंजेक्शन लगाने जैसी प्रक्रियाएं भी की जा रही हैं। ऐसे में यह पता लगाया जाना आवश्यक है कि संबंधित क्लीनिक किस श्रेणी में पंजीकृत है, वहां किस प्रकार की चिकित्सा सेवाएं देने की अनुमति है और मरीजों का उपचार करने वाले व्यक्तियों के पास आवश्यक शैक्षणिक योग्यता एवं वैध पंजीयन है या नहीं।स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े मामलों में मरीजों की सुरक्षा सर्वोपरि होती है। इसलिए क्लीनिक में उपलब्ध सुविधाओं, उपचार की प्रकृति और वहां कार्यरत कर्मचारियों की योग्यता की जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाना जरूरी है।

स्थानीय स्तर पर यह आरोप भी लगाया जा रहा है कि क्लीनिक में मरीजों को इंजेक्शन लगाने और ग्लूकोज चढ़ाने का काम ऐसे व्यक्तियों से कराया जा रहा है, जिनके पास आवश्यक नर्सिंग डिप्लोमा या निर्धारित योग्यता नहीं है। हालांकि, इस आरोप की आधिकारिक पुष्टि होना अभी बाकी है।यदि जांच में यह पाया जाता है कि मरीजों को इंजेक्शन लगाने, ग्लूकोज चढ़ाने अथवा अन्य चिकित्सा प्रक्रियाएं करने वाले व्यक्ति निर्धारित योग्यता या आवश्यक अनुमति के बिना कार्य कर रहे हैं, तो यह मरीजों की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर विषय हो सकता है। ऐसे में संबंधित कर्मचारियों की शैक्षणिक योग्यता, पंजीयन और कार्य करने की वैधानिक पात्रता की जांच की जानी चाहिए।

दिव्यांश पॉलीक्लिनिक के संचालन को लेकर उठ रहे सवालों के बीच प्रतिष्ठान के पंजीयन और आवश्यक अनुमति की स्थिति की जांच किए जाने की मांग महत्वपूर्ण है। यह स्पष्ट किया जाना आवश्यक है कि पॉलीक्लिनिक को किस प्रकार की चिकित्सा सेवाएं देने की अनुमति प्राप्त है तथा वहां उपचार करने वाले व्यक्तियों के पास निर्धारित योग्यता और वैध पंजीयन है या नहीं।संबंधित विभाग द्वारा क्लीनिक के संचालन से जुड़े सभी आवश्यक दस्तावेजों का परीक्षण कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जानी चाहिए, ताकि नियमों के पालन और मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

उकवा फुटबॉल टूर्नामेंट में बालाघाट और हैदराबाद की जीत, चेन्नई-पन्ना को मिली शिकस्त

हरिभूमि न्यूज उकवा।



मॉयल लिमिटेड सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति के तत्वाधान में 65 वां मॉयल सार्वजनिक दुर्गा उत्सव के महोत्सव के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अखिल भारतीय नॉकआउट कम लीग फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 11 अक्टूबर 2026 से मॉयल ग्राउंड उकवा खान मे कराया जा रहा है जिसमें प्रथम पुरस्कार एक लाख ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह रुपए एवं विजेता ट्रॉफी इसी तरह द्वितीय पुरस्कार पचपन हजार पांच सौ पचपन रु एवं रनर ट्रॉफी विजेता एं उपविजेता टीम को प्रदान की जाएगी । अखिल भारतीय नॉक आउट कम लीग फुटबाल टूर्नामेंट में छह राज्यों की दस टीमें भाग ले रही है पुलिस बॉयज बालाघाट एवं मॉयल इलेवन फुटबॉल क्लब नागपुर की टीम नॉक आउट लीग क्वालीफाई मैच हार कर खेल से बाहर हो चुकी है अब लीग राउंड मैच में 8 टीम में भाग ले रही है सभी टीमों को लीग राउंड मैच में तीन-तीन मैच खेलना है जिनका अंकतालिका के आधार पर प्रत्येक ग्रुप से दो-दो टॉप टीमों का समिति के द्वारा चयन किया जाएगा वो टीमे 18 अक्टूबर को सेमीफाइनल मैच खेलेंगी 19 अक्टूबर को सेमी फाइनल मैच में उपविजेता रही टीमों का मैच कराया जाएगा उसी दिन टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबले भी कराया जाएगा अब देखना यहां है कि फाइनल मुकाबले में किसके सर सजेगा जीत का ताज ।टूर्नामेंट के संरक्षक श्री उमाकांत भुजाडे अभिकर्ता एवं महाप्रबंधक के मार्गदर्शन में मुख्य अतिथि श्री निषाद निकोसे प्रबंधक उकवा खान जयंता प्रधान अंडरग्राउंड खान प्रबंधक उकवा विशिष्ट अतिथि श्री विवेक महाकालकर शिव शंकर तिवारी उप सरपंच उकवा राजेंद्र पांडे ओमेंद्र बिसेन पत्रकार अशोक राउत आनंद गोदरे सलीम खान संजना बर्बे टूर्नामेंट के चौथे दिन का पहला मैच तमिलनाडु पुलिस चेन्नई एं मॉयल इलेवन एफसी बालाघाट के मध्य खेला गया जिसमे मॉयल इलेवन एफसी बालाघाट की टीम 2-1 गोल से विजयी रही । इसी तरह टूर्नामेंट का दूसरा मैच आरटी बॉयज हैदराबाद एवं बिल्ड अप स्पोर्ट्स फाऊंडेशन पन्ना के मध्य खेला गया जिसमें आरटी बायज हैदराबाद की टीम 2-0 गोल से विजयी रही । नवदुर्गा उत्सव समिति कोषाध्यक्ष श्री विशाल सालुंखे संदीप मरकाम कार्यक्रम सचिव अजय बडोले बी कोटेश्वर राव आकाश मोंडे ऋषिकेश करवाडे व्यवस्था समिति महेश धुर्वे हर्बल तागड़े राजेंद्र भारद्वाज कृष्ण कठोते प्रवीण नायर तरुण कौशिक टूर्नामेंट एं नवदुर्गा समिति सह सचिव विनय टांडी प्रीतम यादव राजेश खोबरागड़े टीपी सहनी धर्मेंद्र मेश्राम सूरज यादव गणेश राजकुमार नेताम बोरीकर रविंद्र डहरवाल पूजा समिति श्री नीरज पसीने प्रफुल्ल सिंह जय नारायण झा महिला व्यवस्था समिति श्रीमती सुनीता तिर्की सरस्वती ब्रम्हे रेखा बाघ सुनीता कुमार कुमारी योगेश्वरी यादव चिकित्सा समिति डॉक्टर विजय नरवाडे डॉक्टर श्रीमती जय श्री नरवाडे हेमंत बाग व्यवस्था समिति दर्शन दीप मनोज साठे । आज खेले जाने वाला पहला मैच नेशनल फुटबॉल महू इंदौर एवं मॉयल इलेवन फुटबॉल क्लब नागपुर के मध्य खेला जाएगा इसी तरह आज का दूसरा मैच आरकेएम नारायणपुर छत्तीसगढ़ एवं रंगिया टाउन क्लब रंगिया आसाम के मध्य खेला जाएगा । रात्रि मे छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम लोक छाया,छाया चंद्राकार रायपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी जाएगी ।


केवलारी नगर में विराजमान माँ भगवती


























गंज में 16 को महाआरती एवं भंडारे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज सिवनी। नगर के गंज वार्ड स्थित रानी दुर्गावती वार्ड में वर्मा टाल के सामने श्री दुर्गा पूजा उत्सव समिति द्वारा 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार, 16 अक्टूबर को महाआरती एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। समिति प्रमुख गगन विश्वकर्मा ने बताया कि समिति द्वारा विगत 10 वर्षों से सभी श्रद्धालुओं के सहयोग एवं माता रानी की कृपा से माँ दुर्गा की प्रतिमा भक्तिभाव के साथ स्थापित की जा रही है। श्रद्धालुओं के सहयोग और आस्था से यह धार्मिक परंपरा निरंतर जारी है। समिति इस वर्ष अपने 11वें वर्ष में प्रवेश के अवसर पर महाआरती एवं भंडारे का आयोजन कर रही है। कार्यक्रम के दौरान माँ दुर्गा की महाआरती की जाएगी, जिसके पश्चात भंडारे में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है। श्री दुर्गा पूजा उत्सव समिति ने समस्त श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों से कार्यक्रम में शामिल होकर महाआरती में सहभागी बनने तथा भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

शारदीय नवरात्रि के चलते केवलारी में उमड़ रहा भक्तों का सैलाब

केवलारी। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व के चलते इन दिनों केवलारी नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में धार्मिक उत्साह और आस्था का माहौल बना हुआ है। नगर के विभिन्न वार्डों और प्रमुख स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा आकर्षक पंडाल सजाकर मां दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। सुबह से लेकर देर रात तक माता के दरबार में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी हुई है।

जगह-जगह पंडालों में विराज रही माता की प्रतिमाएं, भक्ति में डूबा नगर

नवरात्रि के अवसर पर जगह-जगह बनाए गए पंडालों को रंग-बिरंगी रोशनी, आकर्षक सजावट और फूल-मालाओं से सजाया गया है। शाम होते ही पंडालों में होने वाली आरती और धार्मिक आयोजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो जाता है। बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे माता के दर्शन करने पहुंच रहे हैं।

सुबह से शुरू हो जाती है पूजा-अर्चना

नवरात्रि के दौरान विभिन्न दुर्गा पंडालों में प्रतिदिन सुबह विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जा रही है। श्रद्धालु माता के दरबार में पहुंचकर पूजा-अर्चना करने के साथ सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना कर रहे हैं। कई स्थानों पर कन्या पूजन, भजन-कीर्तन और अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है। शाम के समय विशेष आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। आरती के दौरान गूंजते जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय नजर आता है। माता के जयकारों और भक्ति गीतों से नगर की गलियां देर रात तक गूंज रही हैं।

आकर्षण का केंद्र बने दुर्गा पंडाल

केवलारी में विभिन्न समितियों द्वारा तैयार किए गए दुर्गा पंडाल इस बार श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। कहीं भव्य सजावट की गई है तो कहीं आकर्षक विद्युत साज-सज्जा के माध्यम से पंडाल को नया स्वरूप दिया गया है। श्रद्धालु परिवार सहित पंडालों में पहुंचकर माता के दर्शन कर रहे हैं और धार्मिक आयोजनों में हिस्सा ले रहे हैं। नवरात्रि के चलते बाजारों में भी चहल-पहल बढ़ गई है। पूजा सामग्री, फूल-माला, प्रसाद, फल और अन्य धार्मिक सामग्री की दुकानों पर लोगों की भीड़ दिखाई दे रही है। शाम के समय बाजार और प्रमुख मार्गों पर भी लोगों की आवाजाही बढ़ जाती है।

सुरक्षा और व्यवस्था पर भी नजर

नवरात्रि के दौरान बढ़ती भीड़ को देखते हुए प्रमुख धार्मिक स्थलों और पंडालों के आसपास व्यवस्था बनाए रखने की आवश्यकता भी बनी हुई है। समितियों के स्वयंसेवक श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यवस्थाएं संभाल रहे हैं। कई स्थानों पर पार्किंग, पेयजल और श्रद्धालुओं की आवाजाही को व्यवस्थित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। नवरात्रि पर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। छोटे बच्चे भी रंग-बिरंगे परिधानों में माता के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं महिलाएं और बुजुर्ग भी बड़ी संख्या में धार्मिक आयोजनों में शामिल हो रहे हैं।

आस्था और उत्साह का संगम

शारदीय नवरात्रि केवल धार्मिक पर्व ही नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक एकजुटता का भी प्रतीक है। दुर्गा पंडालों के माध्यम से अलग-अलग समितियां और स्थानीय नागरिक मिलकर आयोजन कर रहे हैं। रात के समय पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ और आकर्षक रोशनी से पूरा नगर नवरात्रि के रंग में रंगा नजर आ रहा है।

नवरात्रि के आगामी दिनों में भी विभिन्न स्थानों पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होने की संभावना है। जैसे-जैसे नवरात्रि का पर्व आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे माता के दरबार में श्रद्धालुओं की संख्या भी बढ़ती जा रही है।

कुल मिलाकर शारदीय नवरात्रि के चलते केवलारी इन दिनों पूरी तरह भक्ति के रंग में रंगा हुआ है। जगह-जगह सजे दुर्गा पंडाल, माता की प्रतिमाएं, आरती के जयकारे और श्रद्धालुओं की भीड़ नगर में धार्मिक उत्सव का माहौल बना रही है।



गंगानगर मां दुर्गा उत्सव पूजा समिति के रक्तदान शिविर में 51 यूनिट रक्तदान



हरिभूमि न्यूज सिवनी। मानव सेवा और परोपकार की भावना को साकार करते हुए गंगानगर मां दुर्गा उत्सव पूजा समिति के तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर में आज 51 यूनिट रक्तदान किया गया। शिविर में समिति के सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों की मदद करने का संकल्प प्रदर्शित किया। शिविर के आयोजन का उद्देश्य रक्त की आवश्यकता वाले मरीजों को सहायता उपलब्ध कराने तथा समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। समिति के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर यह संदेश दिया कि रक्तदान महादान है और इससे किसी जरूरतमंद को नया जीवन मिल सकता है। इस अवसर पर सदस्यों की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को सफल बनाया। 51 यूनिट रक्त संग्रह होने पर समिति के सदस्यों में उत्साह देखा गया। समिति ने सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए मानव सेवा के कार्यों में आगे भी योगदान देने की भावना दिखाई। रक्तदान के इस पुनीत कार्य के माध्यम से गंगानगर मां दुर्गा उत्सव पूजा समिति ने समाज को सेवा, सहयोग और मानवता का संदेश दिया।

भाजपा की संभागीय बैठक आज छिंदवाड़ा में, हेमंत खण्डेलवाल करेंगे अध्यक्षता

राज्यपाल डॉ. ढालसिंह बिसेन का होगा सम्मान

सिवनी सहित चार जिलों के संगठन की होगी समीक्षा, कमजोर बूथों और सेवा संकल्प अभियान पर रहेगा फोकस; प्रदेश महामंत्री (संगठन) चन्द्रशेखर भी रहेंगे मौजूद

सिवनी। भारतीय जनता पार्टी के छिंदवाड़ा संभाग की महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार, 15 अक्टूबर को छिंदवाड़ा के अग्रवाल पैलेस, नरसिंहपुर रोड पर दोपहर 2 बजे से आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खण्डेलवाल करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री (संगठन) श्री चन्द्रशेखर जी तथा भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं छिंदवाड़ा संभाग प्रभारी डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी की विशेष उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम में देवभूमि उत्तराखंड के महामहिम राज्यपाल बनने पर डॉ. ढालसिंह बिसेन का सम्मान भी किया जाएगा। भाजपा के मीडिया विभाग द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, बैठक में छिंदवाड़ा, बालाघाट, सिवनी और पांढुर्णा जिलों के संगठनात्मक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। परिचय सत्र के साथ प्रारंभ होने वाली इस बैठक में संभाग के चारों जिलों में संगठन की गतिविधियों, कार्यकर्ताओं की सक्रियता और आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों पर चर्चा की जाएगी। संभागीय बैठक में पार्टी के संगठनात्मक ढांचे की स्थिति की समीक्षा करते हुए बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने और संगठन विस्तार की रणनीति पर मंथन होगा। कमजोर मंडलों एवं



बूथों की स्थिति, जिलेवार संगठनात्मक चुनौतियों और अन्य राजनीतिक दलों की गतिविधियों की जानकारी भी समीक्षा के प्रमुख विषयों में शामिल रहेगी। इसके साथ ही प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संचालित सेवा संकल्प अभियान की गतिविधियों, कार्यक्रमों की प्रगति और आगामी आयोजनों पर भी चर्चा होगी। जिलों में वरिष्ठ नेताओं के प्रवास तथा संगठनात्मक कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा कर आगामी कार्ययोजना को दिशा देने पर जोर रहेगा। ठक में संभाग प्रभारी, जिला प्रभारी, जिला अध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष, महामंत्री, मंत्री, कार्यालय मंत्री एवं कोषाध्यक्ष सहित संगठन के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। इसके अतिरिक्त जिलों में निवासरत प्रदेश पदाधिकारियों, प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों, विभिन्न मोर्चों के जिला अध्यक्षों, मोर्चों के प्रदेश पदाधिकारियों तथा प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजकों की सहभागिता भी अपेक्षित है। सांसद, विधायक, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक और पूर्व जिला अध्यक्षों को भी बैठक में आमंत्रित किया गया है। जिलों की कोर कमेटियों द्वारा निर्धारित संख्या में अन्य प्रमुख कार्यकर्ता भी शामिल होंगे। प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खण्डेलवाल और प्रदेश महामंत्री (संगठन) श्री चन्द्रशेखर जी की उपस्थिति में होने वाली यह बैठक संभागीय संगठन की दृष्टि से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इसमें चारों जिलों की संगठनात्मक स्थिति का आकलन कर कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने, कमजोर क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने और आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने की रणनीति पर चर्चा होगी।

डॉ. ढालसिंह बिसेन का भव्य सम्मान समारोह

वही देवभूमि उत्तराखंड के महामहिम राज्यपाल के रूप में नई संवैधानिक जिम्मेदारी मिलने पर डॉ. ढालसिंह बिसेन का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खण्डेलवाल की विशेष उपस्थिति में होने वाला यह सम्मान समारोह मध्यप्रदेश के राजनीतिक एवं संगठनात्मक क्षेत्र में डॉ. बिसेन के योगदान और उनकी नई उपलब्धि के अभिनंदन का महत्वपूर्ण अवसर होगा। संभागीय बैठक के दौरान आयोजित इस समारोह में पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी उनकी नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए उनका सम्मान करेंगे।

हरिभूमि

सतपुड़ा भूमि

[तिरोड़ी | बोनकटा | कंटगी | बैहर | वारासिवनी | हटा]

जबलपुर, गुरुवार 15 अक्टूबर 2026

login : www.haribhoomi.com

सतनाम ट्रेडर्स से 44 बोरी चावल जब्त

भरवेली में पीडीएस चावल की अवैध बिक्री का खुलासा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

एसडीएम बालाघाट श्री गोपाल सोनी के निर्देश पर प्रशासन, खाद्य विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने 14 अक्टूबर को सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के चावल की अवैध बिक्री के मामले में कार्रवाई की। जांच के दौरान शासकीय उचित मूल्य दुकान भरवेली (शक्ति कुंज) से सतनाम ट्रेडर्स, मानेगांव को 14 बोरी फोर्टिफाइड चावल बेचते हुए पकड़ा गया।

जिला आपूर्ति अधिकारी श्री संत कुमार भलावी ने बताया कि कार्रवाई के दौरान जांच टीम ने सतनाम ट्रेडर्स, मानेगांव में भी जांच की, जहां 44 बोरी फोर्टिफाइड पीडीएस चावल मिला। टीम ने उक्त चावल जब्त कर लिया है और मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई नायब तहसीलदार श्रीमती मंजुला महोबिया, सहायक आपूर्ति अधिकारी श्री पहल सिंह वलाडी एवं थाना प्रभारी भरवेली की संयुक्त टीम द्वारा की गई।

प्रकरण में सतनाम ट्रेडर्स, मानेगांव के रविंद्र कुमार लिल्हारे, शासकीय उचित मूल्य दुकान भरवेली (शक्ति कुंज) के प्रबंधक लोकचंद गौतम तथा सह-विक्रेता योगेश जैतवार के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वितरित किए जाने वाले खाद्यान्न की अवैध बिक्री एवं अनियमितताओं पर निगरानी रखी जा रही है। मामले में जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



रीवा के मूल निवासी, IIT रुड़की से की है बीटेक की पढ़ाई

आदित्य सिंह बने बालाघाट के नए कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



मध्य प्रदेश कैडर के 2014 बैच के आईएएस अधिकारी आदित्य सिंह को बालाघाट जिले का नया कलेक्टर नियुक्त किया गया है। 8 मार्च 1990 को जन्मे आदित्य सिंह मूल रूप से रीवा के निवासी हैं। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा रीवा में तथा 11वीं-12वीं की पढ़ाई कोटा, राजस्थान से की। इसके बाद उन्होंने आईआईटी रुड़की से पेपर टेक्नोलॉजी में बीटेक की डिग्री हासिल की।

आदित्य सिंह ने प्रशासनिक सेवा के दौरान प्रदेश के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर जिम्मेदारी संभाली है। वे अशोकनगर और हरदा के कलेक्टर रह चुके हैं। इसके अलावा भोपाल में गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग में निदेशक, गुना में अपर कलेक्टर तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग में उपसचिव के रूप में भी सेवाएं दे चुके हैं। अब उन्हें बालाघाट की प्रशासनिक जिम्मेदारी सौंपी गई हैं।

भारतीय जीवन बीमा निगम को फटकार, उपभोक्ता फोरम ने कहा मृतक की पत्नी को 2 लाख रू. और देना पड़ेगा ब्याज

संघर्ष के बाद समनापुर निवासी सुधा चौहान को मिला न्याय

हरिभूमि न्यूज बालाघाट। बालाघाट में जिला उपभोक्ता फोरम ने फैसला सुनाते हुए भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को भुगतान का आदेश दिया है। एलआईसी ने एक मृतक बीमित व्यक्ति की पत्नी का बीमा क्लेम खारिज किया था।

उपभोक्ता फोरम ने एलआईसी की सेवा में कमी मानते हुए पीड़ित महिला सुधा चौहान को दो लाख रुपए का क्लेम देने का आदेश जारी किया है। बुधवार को उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष उपेंद्र कुमार सोनकर और सदस्य डॉ. महेश कुमार चांडक और हर्षा बिजेवार डोहरे की बेंच ने यह फैसला सुनाया। महिला ने 9 फरवरी 2026 को उपभोक्ता आयोग में शिकायत की थी।

सुधा चौहान को दो लाख रुपए की पूरी बीमा राशि दी जाए। बीमा क्लेम जमा करने की तारीख नौ फरवरी दो हजार छब्बीस से लेकर भुगतान के दिन तक छह प्रतिशत सालाना ब्याज भी देना होगा। सेवा में लापरवाही के लिए दस हजार रुपए का हर्जाना और कोर्ट कचहरी के खर्च के रूप में



दो हजार रुपए अलग से देने होंगे। बीमा कंपनी को यह सारा भुगतान एक महीने के भीतर करना होगा।समनापुर गांव की रहने वाली सुधा चौहान के पति खेमचंद चौहान भोपाल के सेंट्रल वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन में नौकरी करते थे।

खेमचंद ने 15 अक्टूबर 2001 को एलआईसी से दो लाख रुपए की पॉलिसी ली थी। इसकी दो सौ सत्तासी रुपए की महीने की किस्त सीधे उनकी सैलरी से कटती थी। पॉलिसी चालू रहने के दौरान ही 30 अप्रैल 2003 को उनका निधन हो गया। पति की मौत के बाद जब पत्नी ने क्लेम किया, तो एलआईसी ने जरूरी कागजात न मिलने का बहाना बनाकर उनके दावे को रद्द कर दिया। बीमा क्लेम खारिज होने पर सुधा चौहान ने हार नहीं मानी और बालाघाट जिला उपभोक्ता आयोग का दरवाजा खटखटाया। सुनवाई के दौरान जब आयोग ने कागजात मांगे, तो महिला ने 23 फरवरी 2004 को अपने पति की सैलरी स्लिप, 2001 से अप्रैल 2003 तक लगातार कटी प्रीमियम की रसीदें और अन्य सभी दस्तावेज जमा कर दिए। तमाम सबूत देखने के बाद उपभोक्ता फोरम ने माना कि जब सैलरी से प्रीमियम कट रहा था, तो एलआईसी का क्लेम निरस्त करना सरासर गलत और सेवा में लापरवाही है। कोर्ट के इस फैसले से बीमा कंपनियों की मनमानी पर लगाम लगेगी और आम उपभोक्ताओं के अधिकारों को मजबूती मिलेगी।

बालिकाओं को उनके कानूनी अधिकारों, साइबर अपराधों और बाल संरक्षण कानूनों की दी जानकारी

पीएमश्री विद्यालय 'डाइट' में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री प्राणेश कुमार प्राण के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में पीएमश्री हाई स्कूल 'डाइट', बालाघाट में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों, बाल संरक्षण कानूनों और विभिन्न सामाजिक एवं कानूनी मुद्दों के प्रति जागरूक करना था।

शिविर में प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री गौतम सिंह मरकाम ने लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो एक्ट), 2012 तथा नालसा की बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं एवं उनका संरक्षण योजना, 2015 के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह योजना, किशोर न्याय अधिनियम तथा भारतीय संविधान में वर्णित मौलिक अधिकारों एवं मौलिक कर्तव्यों के संबंध में भी छात्राओं को विस्तार से अवगत कराया। इसके साथ ही मोटरयान अधिनियम और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी प्रकाश डाला।



कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं न्यायाधीश श्री सतीश शर्मा ने कहा कि जनता के हितों की रक्षा के लिए कल्याणकारी योजनाएं तैयार करना और उनका लाभ आमजन तक पहुंचाना राज्य का प्रमुख कर्तव्य है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को गुड टच-बैड टच, बाल विवाह के दुष्परिणाम, मोटरयान अधिनियम, करियर मार्गदर्शन, नशे के दुष्परिणाम तथा साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक रहकर अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों को समझने और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर उचित सहायता लेने के लिए प्रेरित किया।

शिविर में विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, पैरालीगल वॉलंटियर्स, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालयीन कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को कानूनी जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ सुरक्षित एवं जागरूक नागरिक बनने का संदेश दिया गया।

सोनगुड्डा में यूनिसेफ की टीम ने किया भ्रमण, पानी की गुणवत्ता जांच का दिया लाइव प्रदर्शन

जल जीवन मिशन के तहत स्वास्थ्य केंद्र और हाईस्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, 6 सीएचओ को वितरित की गईं एफटीके किट



हरिभूमि न्यूज बालाघाट। जल जीवन मिशन के अंतर्गत 13 अक्टूबर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं शासकीय हाईस्कूल सोनगुड्डा में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग और यूनिसेफ की राज्य स्तरीय संयुक्त टीम ने क्षेत्रीय भ्रमण किया। पीएचई विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री बी.एल. उइके के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और विद्यार्थियों को शुद्ध पेयजल, पानी की गुणवत्ता की जांच तथा स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था।

भ्रमण के दौरान पीएचई विभाग के केमिस्ट श्री कृष्णकांत मेश्राम, ब्लॉक समन्वयक श्री फनीश रंगारे, पीएमयू समन्वयक श्रीमती शीतल मिश्रा एवं श्री हरीश झा तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सलाहकार श्री भगवान सिंह राठौर के साथ यूनिसेफ की राज्य स्तरीय टीम के डॉ. यादवेन्द्र भदौरिया एवं डॉ. रविन्द्र पारे उपस्थित रहे।

पानी की गुणवत्ता जांच का दिया व्यावहारिक प्रशिक्षण: कार्यक्रम में आशा कार्यकर्ताओं, एएनएम, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स (सीएचओ) एवं चिकित्सकों को पानी की शुद्धता और गुणवत्ता जांचने का लाइव प्रदर्शन किया गया। टीम ने बताया कि पानी में मौजूद विभिन्न रासायनिक तत्वों की जांच किस प्रकार की जा सकती है, ताकि दूषित पेयजल से होने वाली बीमारियों की रोकथाम की जा सके।

मैदानी स्तर पर पेयजल की नियमित जांच व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से छह कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स को फील्ड टेस्ट किट (एफटीके) वितरित की गईं। इन किटों की सहायता से पानी में फ्लोराइड, नाइट्रेट, आयरन तथा पीएच स्तर की प्रारंभिक जांच मौके पर ही की जा सकेगी।

यूनिसेफ की टीम ने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को टीकाकरण, पोषण आहार एवं स्वच्छता के महत्व की जानकारी देते हुए समुदाय में जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में शासकीय हाईस्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का स्टाफ तथा स्थानीय ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

पीएचई विभाग और यूनिसेफ की इस संयुक्त पहल को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने, जलजनित बीमारियों की रोकथाम तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है।

तथागत बुद्ध व परम पूज्य डॉ अम्बेडकर जी के विचारों को अंगीकार करने से ही मानव का उत्थान संभव : अधिवक्ता संजय खोबरागड़े

70वा धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस व परम पूज्य डॉ बाबा साहब अंबेडकर जी की प्रतिमा अनावरण दिवस की स्थापना दिवस पर कव्वाल विकास राजा की भव्य कव्वाली

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिला मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत साकड़ी तहसील खैरलांजी में पंचशील बौद्ध समिति ग्राम साकड़ी के तत्वावधान में 14 अक्टूबर धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस की 70वी वर्षगांठ तथा परम पूज्य डॉ बाबा साहब अंबेडकर जी की प्रतिमा अनावरण स्थापना दिवस डॉ एड संजय खोबरागड़े (प्रदेश अध्यक्ष महाबोधी महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन समिति मध्यप्रदेश)की अध्यक्षता व मुख्य अतिथि विकास खांडेकर (जिला अध्यक्ष समता सैनिक दल बालाघाट व महाबोधी महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन समिति बालाघाट) विशेष अतिथि रामदास ठवकर (बामसेफ प्रचारक) अरविंद बनसोड (तहसील अध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ खैरलांजी)कपिल मेश्राम (सभापति नगर पालिका कटंगी) बालगोविंद बसोड(सर्कल अध्यक्ष भेंडारा डोंगरमाली) सनम कोलाटकर (पूर्व सदस्य जिला परिषद गोंदिया) प्रकाश गजभिए (पूर्व सभापति सेंट्रल बैंक गोंदिया) इत्यादि की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में प्रारंभ में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकास खांडेकर जी व प्रकाश खांडेकर जी के नेतृत्व में 70वा धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस के अवसर पर महाबोधी महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन रैली दोपहर 12बजे प्रारंभ होकर संपूर्ण ग्राम का भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल पर कार्यक्रम के रूप में तब्दील हुई।

कार्यक्रम के प्रारंभ में कार्यक्रम अध्यक्ष अधि संजय खोबरागड़े व विकास खांडेकर अरविंद बंसोड़ रामदास ठवकर सनम कोलाटकर सहित अनेकों लोगों ने ने तथागत सम्यक संबुद्ध व परम पूज्य डॉ बाबा साहब अंबेडकर जी की छायाचित्र पर माल्यार्पण किया तदुपरान्त परम पूज्य डॉ बाबा साहब अंबेडकर जी की विशाल प्रतिमा पर माल्यार्पण किए सामूहिक रूप से बुद्ध वंदना सम्पन्न हुई आयोजन समिति ने सभी आमंत्रित अथितिगणों का स्वागत किया कार्यक्रम के प्रारंभ में कार्यक्रम के विशेष अतिथि सनम कोलाटकर ने अपने उद्बोधन में कहा की भारतीय संविधान में समता समानता बंधुत्व और भाईचारा बुद्ध धम्म से लिया गया है



कार्यक्रम के विशेष अतिथि अरविंद बंसोड़ (तहसील अध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट) ने अपने उद्बोधन में कहा कि बुद्ध अम्बेडकर मिशन को बढ़ाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करने वालों लोगों की आवश्यकता है बुद्ध अम्बेडकर मिशन को स्वार्थ से लिप्त लोगों से खतरा है विशेष अतिथि रामदास ठवकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि बुद्ध अम्बेडकर मिशन एक वैचारिक क्रांति है जो निष्ठावान लोगों के कार्यों से ही संभव है कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकास खांडेकर(जिला अध्यक्ष समता सैनिक दल बालाघाट)ने अपने उद्बोधन में कहा कि तथागत सम्यक संबुद्ध के धम्म को सम्राट अशोक ने आगे बढ़ाये और बोधगया में महाबोधी महाविहार का निर्माण किया जो बौद्ध उपासक उपासिकाओ के श्रद्धा का केंद्र है जिसे गैर बुद्धिष्ट लोगों से मुक्त कराने हेतु प्रतिबद्ध होना चाहिए कार्यकम के अध्यक्ष की आसंदी से उद्बोधन करते हुए अधिवक्ता संजय खोबरागड़े (प्रदेश अध्यक्ष महाबोधी महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन समिति मध्यप्रदेश) ने अपने उद्बोधन में कहा कि दुनिया में सर्वप्रथम तथागत सम्यक संबुद्ध ने प्रथम धम्म चक्र प्रवर्तन किए दूसरा धम्म चक्र प्रवर्तन देवनाम प्रियदर्शी सम्राट अशोक ने किया तथा परम पूज्य डॉ बाबा साहब अंबेडकर जी ने 5लाख लोगो को 14अक्तूबर 1956को नागवंशियों की भूमि नागपुर में धम्म दीक्षा दी जो इतिहास के पन्नों में ऐतिहासिक इबारत है अशोका विजया दशमी धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस को दुनिया भर के बुद्धिष्ट ऐतिहासिक रूप से मनाते है अधिवक्ता संजय खोबरागड़े ने अपने उद्बोधन में परम पूज्य डॉ बाबा साहब अंबेडकर जी के अनुयायियों में सोनबा का त्याग रामदास अब्दुल्ला का समर्पण व जोगेन्द्र नाथ मंडल का संघर्ष ये तीनों अंबेडकरवादी के संदर्भ में अवगत कराते हुए कहा की दुनिया भर के तमाम मानव का उत्थान तथागत सम्यक संबुद्ध व परम पूज्य डॉ बाबा साहब अंबेडकर जी के विचारों को अंगीकार करने से ही संभव है।

ग्रामीणों ने की जांच की मांग, मनमोहन हुए मनमौजी, फर्जी तरीके से खातों में पहुंची राशि

मौदा पंचायत में जमकर भ्रष्टाचार, आरोप- 19 लाख का गबन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट। किरनापुर जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली मौदा पंचायत में कथित वित्तीय अनियमितताओं का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने सरपंच मनमोहन वैध पर बिना काम कराए लाखों रुपये निकालने और भुगतान में गड़बड़ी करने के आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का दावा है कि पंचायत में करीब 19 लाख रुपये के भुगतान की जांच होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से शिकायत कर निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों के अनुसार, गांव की आंगनवाड़ी में गट्टू (इंटरलॉकिंग टाइल्स) लगाए बिना ही करीब 2.39 लाख रुपये का भुगतान निकाल लिया गया। आरोप है कि काम पूरा हुए बिना ही जियो टैगिंग भी कर दी गई। ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि जब काम हुआ ही नहीं, तो जियो टैगिंग के आधार पर भुगतान कैसे जारी किया गया। हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।





ग्रामीणों ने 15 अगस्त के कार्यक्रम में स्वल्पाहार के नाम पर 10 हजार रुपये का बिल लगाकर राशि निकालने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि यह राशि संबंधित दुकानदार के बजाय पंचायत के पंच लाकेश्वर जुंजारे के खाते में डाली गई।

पंच के मुताबिक, उन्हें बताया गया था कि राशि गलती से उनके खाते में पहुंच गई है। उनसे पैसे निकालकर सरपंच को देने के लिए कहा गया, ताकि नाश्ते वाले को भुगतान किया जा सके। ग्रामीणों ने इस लेनदेन और भुगतान प्रक्रिया की जांच की मांग की है।

पंचायत के भृत्य फिरोज रंगारे ने बताया कि उनके खाते में भी 50 हजार रुपये डाले गए थे। उनके अनुसार, सरपंच ने इसे सीसी सड़क के ठेके में मजदूरों के भुगतान की राशि बताया और पैसे निकालकर देने को कहा। फिरोज रंगारे का कहना है कि उन्होंने खाते से राशि निकालकर सरपंच को दे दी। उन्होंने इस तरह के लेनदेन को गलत बताया है।

शिकायतकर्ता त्रिवेणी बनकर ने आरोप लगाया कि एक ही दिन में एक व्यक्ति के खाते में 50 हजार रुपये का भुगतान किया गया। वहीं, हितेश गजभिए के खाते में 10 लाख रुपये से अधिक की राशि जमा होने का दावा भी किया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार, नाली सफाई, स्ट्रीट लाइट और निर्माण कार्यों में पानी की तराई जैसे मदों के भुगतान भी इसी खाते में किए गए। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम संगठन के माध्यम से जानकारी मांगे जाने पर संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसके बाद अधिकारियों से शिकायत की गई।

मामले को लेकर ग्रामीणों, पूर्व सरपंच और वर्तमान पंच ने एकजुट होकर जांच की मांग की है। उनका आरोप है कि पंचायत में बिना काम कराए भुगतान निकाले गए और कई बिलों में भी अनियमितताएं हुई हैं। ग्रामीण चाहते हैं कि संबंधित कार्यों का भौतिक सत्यापन कराया जाए और भुगतान से जुड़े दस्तावेजों की जांच की जाए।

फिलहाल, सरपंच मनमोहन वैध पर लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। संबंधित अधिकारियों की जांच और सरपंच का पक्ष सामने आने के बाद ही मामले की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

शासकीय महाविद्यालय में कौटिल्य अर्थशास्त्र क्लब के अन्तर्गत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में महाविद्यालय में गठित कौटिल्य अर्थशास्त्र क्लब के अन्तर्गत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता प्रभारी प्राचार्य डॉ0 एस0एस0 गेडाम के मार्गदर्शन तथा विभागध्यक्ष डॉ0 अनिरूद्ध सिंह काकोडिया के नेतृत्व में सम्पन्न हई। इस प्रतियोगिता का आयोजन विद्यार्थियों में विषयगत ज्ञान, रचनात्मकता, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना, संचार कौशल एवं सहपाठ्य चर्चा संबंधित दक्षताओं के विकास तथा अपने विद्यार्थियों को अपने विषय से संबंधित व्यावहारिक एवं सृजनात्मक गतिविधियों के लिए मंच प्रदान करने के उद्देश्य से हुआ। प्रतियोगिता को सफल बनाने में लगभग 50 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें बी0ए0 प्रथम वर्ष की छात्रा रूकमणी कोहरे ने प्रथम, मंजू पन्द्रे ने द्वितीय एवं गगन पंचेश्वर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतिगयोगिता में सम्मिलित समस्त प्रतिभागियों को महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा आगे भी इस प्रकार की प्रतियोगिता में सहभागिता हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पराग पालेवार का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार के सदस्य तथा छात्र-छात्रायें उपस्थित रहें।